# बिहार विधान परिषद

(198वां मानसून सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 27 जुलाई 2021

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

Total Short Notice Question- 9

----

### उपकेन्द्र भवन की मरम्मती

*1 **मो. फारूक (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के डुमरी कटसरी प्रखंड में फूलकाहा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन काफी जर्जर एवं दयनीय अवस्था में रहने के कारण मरीजों को इलाज में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन की मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

### व्यवस्था सुनिश्चित

*2 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि एम्बुलेंस वाहनों के परिचालन को लेकर (IPHC) आई.पी.एच.सी. मानक के अनुसार – प्रति एक लाख की आबादी पर एक BLS एम्बुलेंस

का प्रावधान है जिसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत OPEX राशि उपलब्ध करायी जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति के स्वामित्व वाले मध्यम आकार के एम्बुलेंस का परिचालन तथा शव वाहन हेतु वातानुकूलित मारूति इको जिसका परिचालन 102 एम्बुलेंस सेवा का अलग-अलग परिचालन दर निर्धारित है;

(ग) क्या यह सही है कि माननीय सांसदों, विधायकों तथा विधान पार्षदों के एच्छीक कोष से अनुशंसित एम्बुलेंसों को बेहतर उपयोग इसलिये नहीं हो पाता है कि नेशनल एम्बुलेंस कोड, राज्य स्वास्थ्य मिशन तथा 102 के अलग-अलग परिचालन सम्बंधी प्रावधानों के कारण कई प्रकार की कठिनाइयां समस्या बन जाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि एम्बुलेंस क्रय को लेकर वह विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बनाने की दिशा में वह ऐसी परिचालन व्यवस्था को सुनिश्चित करेगी जिससे जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनुशंसित एम्बुलेंसों का बेहतर उपयोग हो सकें ?

----

## एजेन्सी चलाने पर विचार

*3 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **गन्ना उद्योग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बीते सीजन में रीगा चीनी मिल चालू नहीं होने से 40 हजार ईंख कास्तकार, 6 सौ मजदूर, दुकानदार तथा व्यापारियों से जुड़े पांच लाख की आबादी के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि मिल नहीं चलने से सीतामढ़ी, शिवहर एवं मुजफ्फरपुर के किसानों की एक मात्र नगदी फसल की खेती खत्म हो जायेगी और इससे उनकी स्थिति बिगड़ती जायेगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चालू सीजन 2021-22 में किसानों के व्यापक हित में मिल को वर्तमान प्रबंधन, राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के किसी ऐजेन्सी से चलाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

*4 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार विधान मंडल के कई वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी/कर्मचारी की मृत्यु कोरोना की बीमारी से हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार की घोषणा के बावजूद मृतक के परिवार को चार लाख रुपये मुआवजा का भुगतान नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित मृतक पदाधिकारियों/कर्मचारियों के परिवारों को नियमानुसार चार लाख रुपये मुआवजा की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## डॉक्टर की पदस्थापना

*5 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने का कष्ट करेंगे कि :

क - क्या यह सच है कि पूरे राज्य में बड़ी संख्या में सरकार ने स्वास्थ्य केंद्र और उपकेन्द्र बनाये है ?

ख - क्या यह सच है कि इन केन्द्रों में प्रायः अधिकांश स्थानों पर डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियो की उपस्थिति ना के बराबर है ?

ग - क्या यह सच है कि अधिकांश केंद्र बंद होने के कारण खंडहर में तब्दील हो गए है ?

यदि उपरोक्त बाते सही है तो सरकार बताएगी की इन केन्द्रों की बदहाली के लिए कोई जिम्मेदारी वह तय करेगी और डाक्टरों की पदस्थापना तथा नियमित उपस्थिति को वह कब तक सुनिश्चित करेगी और नहीं तो क्यों ?

----

## पुनर्निमाण

*6 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनान्तर्गत पटना जिले में हर घर नल का जल के लिए सड़क के किनारे गड्ढा खोदकर पाइप बिछाने का काम हो रहा है, लेकिन पाइप बिछाने के बाद सड़क के किनारे गड्ढा को न तो ठीक से भरा जा रहा है और

न ही उसका पुनर्निर्माण ही किया जा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पेयजल हेतु पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क के किनारे खोदे हुए गड्ढों का अनुश्रवण कराकर उसका पुनर्निर्माण कराना चाहती है?

----

## मुआवजा राशि का भुगतान

*7 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कोरोना महामारी के जंग में लोगों की जान बचाने में राज्य के 157 डॉक्टर शहीद हो गये;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सिर्फ 11 डॉक्टरों को ही बीमा के तौर पर दी जाने वाली 50 लाख रुपये की राशि उनके परिजन को प्रदान की गई, बाकी प्राइवेट व सरकारी डॉक्टर जिनका कोरोना के जंग में मौत हो गई है, उनके परिवार वालों को आज तक बीमा, वेतन आदि मुआवजा राशि नहीं मिली है, यदि हां तो उक्त मुआवजा की राशि का भुगतान सरकार कबतक करेगी?

----

## टीकाकरण अभियान

*8 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क - क्या यह सच है की विशेषज्ञ लोगो ने कोरोना के तीसरे लहर की संभावना व्यक्त की है ?

ख - क्या यह सच है की राज्य की बड़ी आबादी अभी भी कोरोना टीकाकरण अभियान से वंचित है ?

ग - क्या यह सच है कि राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओ, आक्सीजन, icu बेड तथा वेंटिलेटर कर्मियों का घोर अभाव अभी भी मौजूद है ?

यदि उपरोक्त बाते सही है तो सरकार बताएगी की कोरोना के तीसरे लहर से आमजीवन तथा खासकर बच्चो को बचाने का उसने कौन - कौन से कदम उठाए है ?

----

## करेंट प्रवाहित

***9 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के रामकृष्णानगर पिपरा अंतर्गत यमुना विहार कॉलोनी घनी आबादी वाला क्षेत्र है और इस क्षेत्र से 1,33,000 किलो वाट का तार मकान के ऊपर से होकर गुजर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि 1,33,000 किलो वाट के तार मकान के ऊपर से गुजरने के कारण बरसात के दिनों में कई घरों में बिजली का करेंट प्रवाहित हो जाता है और दुर्घटना हो जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित इलाके से सरकार 1,33,000 किलो वाट के नंगे तार को हटाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----